भारत की राष्ट्रपति
श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
का
वर्ष 2022 एवं 2023 बैच के भारतीय आर्थिक सेवा के अधिकारियों को सम्बोधन

राष्ट्रपति भवन, 16 अप्रैल, 2024

भारतीय आर्थिक सेवा के प्रिय अधिकारियो,

सर्वप्रथम मैं आप सभी को इस प्रतिष्ठित सेवा में चयन के लिए बधाई देती हूं। कठिन प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से आप जैसे उच्च क्षमता वाले युवा इस सेवा के लिए चुने जाते हैं। यह सेवा आपको राष्ट्रीय स्तर पर नीतियों और लोक हितकारी योजनाओं के निर्माण में योगदान देने के अवसर प्रदान करेगी जिससे आप देशवासियों के जीवन को बड़े पैमाने पर स्थाई रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

विश्व के बदलते परिदृश्य में और भारत के विकास से जुड़े लक्ष्यों के अनुसार सरकार द्वारा अनेक सामाजिक-आर्थिक सुधार किए जा रहे हैं। इस उपलक्ष में आर्थिक सेवा के अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। आर्थिक क्षेत्रों के अलावा, IES अधिकारी सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी नीतियां बनाने में बड़ा योगदान दे रहे हैं। IES अधिकारी विभिन्न सरकारी विभागों और नियामक तथा संवैधानिक संस्थानों में भी कार्य करते हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि इस सेवा के अधिकारी in-house अर्थशास्त्रियों की भूमिका भी कुशलतापूर्वक निभा रहे हैं।

प्रिय अधिकारियो,

देश के विकास में आर्थिक संवृद्धि एक महत्वपूर्ण घटक है। Macro और micro economic indicators प्रगति के उपयोगी मापदंड माने जाते हैं। हम यह भी जानते हैं कि अर्थशास्त्रियों का सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में योगदान रहा है। इसलिए सरकार की नीतियों तथा योजनाओं को प्रभावी और उपयोगी बनाने में उनकी भूमिका अहम है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आप जैसे युवा अधिकारियों को आने वाले समय में अपनी क्षमताओं को बढ़ाने और उनका भरपूर उपयोग करने के अनगिनत अवसर मिलेंगे। मुझे विश्वास है कि आप इन अवसरों का उचित लाभ उठाकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

आर्थिक सेवा अधिकारियों के रूप में आपसे अपेक्षा रहेगी कि आप आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार करने के साथ-साथ, resource distribution system को मजबूत करने और योजनाओं का मूल्यांकन करने के लिए उपयुक्त सलाह दें। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। आपके द्वारा सरकारी विभागों और संस्थाओं को दिए गए सुझावों के आधार पर नीतियां निर्धारित होंगी। वे नीतियां देश के नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगी और विकास की गति को बढ़ावा देंगी।

वार्षिक आर्थिक सर्वेक्षण में भी आर्थिक सेवा के अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह सर्वेक्षण, न केवल देश की आर्थिक अवस्था की समीक्षा करता है, अपितु देश के आर्थिक विकास की दिशा तय करने में भी मदद करता है। आज के तेजी से बदलते युग में आप Data analytics का

प्रयोग करके आर्थिक सर्वेक्षण में किए जाने वाले विश्लेषण को और भी बेहतर बना सकते हैं।

भारत एक विकसित देश बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में आपकी भूमिका गौरवपूर्ण होनी चाहिए। आंकड़ों के विश्लेषण एवं साक्ष्य आधारित विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से सरकार को लोगों के आर्थिक उत्थान में तेजी लाने में मदद मिली है। यह आप युवा अधिकारियों का कर्तव्य है कि आप नए विचारों, पद्धतियों और तकनीकों के माध्यम से अपनी कार्य-कुशलता को बढ़ाएं। आपकी रचनात्मकता इस तेजी से बदलते युग में देश की प्रगति के नए द्वार खोलने में मदद करेगी।

प्रिय अधिकारियो,
यह बहुत प्रसन्नता की बात है कि यहां उपस्थित अधिकारियों में 60 प्रतिशत से अधिक महिला अधिकारी हैं। मैं यहां उपस्थित सभी महिला अधिकारियों से कहना चाहूंगी कि इस सेवा में रहकर आप देश की अन्य महिलाओं को भी आगे आने के लिए प्रेरित करेंगी। साथ ही यह आवश्यक है कि आप महिलाओं के सर्वांगीण विकास और वंचित वर्गों के लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से भारत के समावेशी विकास के संकल्प को पूर्ण करने में भी हमें सहायता मिलेगी।

मैं आप सब युवा अधिकारियों से कहना चाहूंगी कि आप अपने कार्यक्षेत्र में नीति संबंधित सुझाव देते समय या कोई भी निर्णय लेते समय, देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के लोगों के हित के बारे में अवश्य विचार करें। आपको गर्व होना चाहिए कि आपने एक ऐसी सेवा को चुना है जिसके

माध्यम से आप, उन लोगों के जीवन में सुधार लाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

आपके सामने अवसरों और चुनौतियों से भरा एक लंबा करियर है। यह आवश्यक है कि जो सिद्धांत और मूल्य हमारी शासन प्रणाली की नींव हैं, उनके प्रति आप सदैव प्रतिबद्ध रहें। मुझे आशा है कि आप सभी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे तथा अत्यंत समर्पण और ईमानदारी से कार्य करेंगे। यदि आप सब अन्य सेवाओं के अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य करें तथा देश के समावेशी और स्थाई विकास का संकल्प लें तो भारत निश्चित ही प्रगति की नई उंचाईयों तक पहुंचेगा।

अंत में, मैं आप सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

जय भारत!